ओ३म्

देहरादून, दिनांकः 7 अक्तूबर, 2014

<u>समाचार/ विज्ञप्ति</u>

'वेदमूर्ति आचार्य डा. रामनाथ वेदालंकार जन्मशती महोत्सव का आयोजन'
(रविवार 2 नवम्बर 2014 को हरिद्वार में)

गुरूकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार के यशस्वी स्नातक, वैदिक साहित्य सम्बन्धी मानक ग्रन्थों के प्रणेता, संस्कृत में पाण्डित्य तथा शास्त्र-निष्ठा के लिए राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के वैदिक विद्वान वेदमूर्ति आचार्य डा. रामनाथ वेदालंकार का एक दिवसीय जन्मशती महोत्सव 2 नवम्बर 2014 रविवार को देवभूमि हरिद्वार में ससमारोह आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर उनके परिजनो एवं शिष्य-परम्परा के संकल्पानुसार उनकी पावन स्मृति में प्रकाश्य 'श्रुति-मंथन' नामक बृहद् ग्रंथ का लोकार्पण, विद्वत-सम्मान आदि कार्यक्रम सम्पन्न होंगे। इस आयोजन में सभी आर्यजनों शुभचिन्तकों एवं जनसामान्य की सपरिवार एवं इष्ट मित्रों सहित उपस्थिति की आशा आयोजन समित के संयोजक एवं सदस्यों द्वारा की गई है।

आर्यजगत के सभी सुधी विद्वानों एवं आर्य बन्धुओं से आशा एवं विश्वास है कि सभी वेदप्रेमी महानुभाव आयोजन में पधार कर आचार्य प्रवर डा. रामनाथ वेदालंकार के प्रति अपने श्रद्धा-सुमन अर्पित करने का कष्ट करेंगे।

आयोजन में पधारने वाले सभी महानुभावों से निवेदन है कि अपने आगमन की सूचना आयोजन के संयोजक डा. विनोद चन्द्र विद्यालंकार को उनके पते – '217, आर्य विरक्त (वानप्रस्थ$संन्यास) आश्रम ज्वालापुर, (हरिद्वार अथवा मोबाइल दूरभाष 098975095610/9758130593' पर देने का कष्ट करेंगे। सम्पर्क व सूचना देने वाले सभी बन्धु महानुभावों को विस्तृत कार्यक्रम पृथक से सूचित किया जायेगा।

निवेदकः

डा. विनोद चन्द्र विद्यालंकार/ मनमोहन कुमार आर्य
217, आर्य विरक्त (वानप्रस्थ$संन्यास) आश्रम
ज्वालापुर, (हरिद्वार)
मोबाइल दूरभाषः 09897509561/09758130593

ओ३म्

देहरादून, दिनांकः 7 अक्तूबर, 2014

समाचार / विज्ञप्ति

‘वेदमूर्ति आचार्य डा. रामनाथ वेदालंकार जन्मशती महोत्सव का आयोजन (रविवार 2 नवम्बर 2014 को हरिद्वार में)

गुरूकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार के **यशस्वी स्नातक, वैदिक साहित्य सम्बन्धी मानक ग्रन्थों के प्रणेता, संस्कृत में पाण्डित्य तथा शास्त्र–निष्ठा के लिए राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के वैदिक विद्वान वेदमूर्ति आचार्य डा. रामनाथ वेदालंकार** का एक दिवसीय **जन्मशती महोत्सव 2 नवम्बर 2014 रविवार को** देवभूमि हरिद्वार में ससमारोह आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर उनके परिजनो एवं शिष्य–परम्परा के संकल्पानुसार उनकी पावन स्मृति में प्रकाश्य **‘श्रुति–मंथन’** नामक बृहद् ग्रंथ का लोकार्पण, विद्वत–सम्मान आदि कार्यक्रम सम्पन्न होंगे। इस आयोजन में सभी आर्य जनों, शुभचिन्तकों एवं जनसामान्य की सपरिवार एवं इष्ट मित्रों सहित उपस्थिति की आशा आयोजन समित के संयोजक एवं सदस्यों द्वारा की गई है।

आर्यजगत के सभी सुधी विद्वानों एवं आर्य बन्धुओं से आशा एवं विश्वास है कि सभी वेदप्रेमी महानुभाव आयोजन में पधार कर आचार्य प्रवर डा. रामनाथ वेदालंकार के प्रति अपने श्रद्धा–सुमन अर्पित करने का कष्ट करेंगे।

आयोजन में पधारने वाले सभी महानुभावों से निवेदन है कि अपने आगमन की सूचना आयोजन के संयोजक डा. विनोद चन्द्र विद्यालंकार को उनके पते – **‘217, आर्य विरक्त (वानप्रस्थ+संन्यास) आश्रम ज्वालापुर, (हरिद्वार) अथवा मोबाइल दूरभाष 09897509561 / 09758130593’** पर देने का कष्ट करेंगे। सम्पर्क व सूचना देने वाले सभी बन्धु महानुभावों को विस्तृत कार्यक्रम पृथक से सूचित किया जायेगा।

निवेदकः

डा. विनोद चन्द्र विद्यालंकार / मनमोहन कुमार आर्य
217, आर्य विरक्त (वानप्रस्थ+संन्यास) आश्रम
ज्वालापुर, (हरिद्वार)
मोबाइल दूरभाषः 09897509561 / 09758130593